इटावा पुलिस

प्रेस नोट साइबर थाना -दिनांक 05.04.2024

थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा साइबर फ्रॉड यूपीआई के माध्यम से निकाले गये पीड़ित के 49,000/- रुपयों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए 45,000/- रुपये वापस कराये गये।

जनपद में साइबर फ्रॉड की रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार वर्मा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम तथा अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एवं क्षेत्राधिकारी अपराध के मार्गदर्शन में थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा साइबर फ्रॉड यूपाआई के माध्यम से निकाले गये पीडित के 49,000/- रुपयों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए 45,000/- रुपये वापस कराये गये।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

आवेदक बृजकिशोर निवासी न्यू रेलवे ओवर ब्रिज कुंवरा (मोढ़ी) थाना भरथना जनपद इटावा द्वारा अपने साथ दिनांक 08.02.2024 को स्वयं के खाते से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा साइबर फ्रॉड यूपीआई के जरिये 49,000/- रुपये निकाल लेने के संबंध में साइबर थाना पर प्रार्थना पत्र दिया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन ,अपर पुलिस अधीक्षक (अपराध) के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी अपराध के कुशल मार्गदर्शन में थाना साइबर पुलिस टीम द्वारा द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए विभिन्न माध्यमों से साक्ष्य संकलन किये गये एवं बैंक अधिकारी पेमेन्ट गेटवे के नोडल अधिकारी / ,इत्यादि से वार्ता कर प्रार्थी के रूपये वापस करने का प्रयास किया गया जिसमें सफलता प्राप्त करते हुए दिनांक 05.04.2024 को पीड़ित के 45,000/- रुपये वापस कराये गये हैं साथ ही पुलिस टीम द्वारा पीडित को साइबर अपराधों से बचने के लिये जानकारी देकर जागरुक किया गया।

अपने रूपये वापस पाकर पीडित द्वारा प्रसन्नता जाहिर करते हुए थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम व इटावा पुलिस की प्रशंसा की गई तथा थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम का विशेष धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

पुलिस टीम- प्र0नि0 श्री तारिक खान,क0ऑ अभय यादव,का0 बृजेश गोला,का0 सुन्दरम सिंह चौहान,का0 उपेन्द्र चौहान,का0 आदित्य देओल व का0 सन्दीप सिंह थाना साइबर क्राइम इटावा मय टीम।